SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 16/12/2019

Q1. इनमे से किस बॉलीवुड एक्ट्रेस को "मोस्ट प्रॉमिसिंग ब्रैंड अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया है?

क. अलिया भट्ट

ख. अनन्या पांडे

ग. कटरीना कैफ

घ. करीना कपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे को अपनी पहल "सो पॉजिटिव" के लिए "मोस्ट प्रॉमिसिंग ब्रैंड अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया है. अनन्या पांडे अपनी पहल "सो

SarkariExam.Com

पॉजिटिव" से सोशल मीडिया पर ट्रोल होने वाले लोगों को मानसिक रूप से संबल प्रदान करने के साथ ही उन्हें प्रोफेशनल ट्रीटमेंट भी अरेंज करवाती हैं.

Q2. बॉलीवुड फिल्मों की एक्ट्रेस गीता सिद्धार्थ का हाल ही में किस शहर में निधन हो गया है?

क. पुणे

ख. दिल्ली

ग. मुंबई

घ. कोलकाता

बॉलीवुड फिल्मों की एक्ट्रेस गीता सिद्धार्थ का हाल ही में मुंबई में निधन हो गया है. उन्होंने वर्ष 1972 में फ़िल्मी कैरिएर की शुरुआत की थी. उन्होंने गर्म हवा', 'परिचय', 'त्रिशूल', 'शोले' जैसी फिल्मों में भूमिका निभाई है.

Q3. एस्सार स्टील के अधिग्रहण के लिए किसने 42,000 करोड़ रुपए के भुगतान की प्रक्रिया शुरु कर दी है?

क. रिलायंस इंडस्ट्रीज

ख. अशोक लेलैंड

ग. पेटीएम

घ. आर्सेलरमित्तल

SarkariExam.com

एस्सार स्टील के अधिग्रहण के लिए हाल ही में लक्ष्मी निवास मित्तल की कंपनी आर्सेलरमित्तल ने 42,000 करोड़ रुपए के भुगतान की प्रक्रिया शुरु कर दी है. आर्सेलरमित्तल ने कर्ज में डूबी एस्सार स्टील के लिए सबसे बड़ी बोली लगायी थी. जिसे सुप्रीमकोर्ट ने मंजूरी दे दी थी.

Q4. आइलैंड में ज्वालामुखी फटने से जख्मी लोगो के लिए सरकार ने कितने वर्ग मीटर की मानव त्वचा का ऑर्डर दिया है?

क. 350 वर्ग मीटर

ख. 940 वर्ग मीटर

ग. 1192 वर्ग मीटर

घ. 1292 वर्ग मीटर

आइलैंड में ज्वालामुखी फटने से जख्मी लोगो के लिए न्यूजीलैंड सरकार ने 1292 वर्ग मीटर की मानव त्वचा का ऑर्डर दिया है. ज्वालामुखी फटने से मरने वालों का आंकड़ा 10 हो गया, जबकि 27 गंभीर रूप से जल गए हैं. चिकित्सा अफसरों ने पीड़ितों के इलाज के लिए त्वचा का ऑर्डर करने के लिए कहा है.

Q5. नागरिकता (संशोधन) कानून, 2019 के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए किस यूनिवर्सिटी ने सभी परीक्षाओं को रद्द कर दिया है?

क. दिल्ली यूनिवर्सिटी

ख. इग्नू यूनिवर्सिटी

ग. जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी

SarkariExam.Com

घ. जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी

जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी ने नागरिकता (संशोधन) कानून, 2019 के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए 5 जनवरी तक छुट्टी की घोषणा करने के साथ साथ सभी परीक्षाओं को रद्द कर दिया है. अब यूनिवर्सिटी 6 जनवरी 2020 को खुलेगी.

Q6. एसआईपीआरआई के मुताबिक, विश्वभर में हथियारों की खरीददारी में वर्ष 2018 में कितने प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है?

क. 5 प्रतिशत

ख. 6 प्रतिशत

ग. 7 प्रतिशत

घ. 8 प्रतिशत

स्टॉकहोल्म इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट (एसआईपीआरआई) के मुताबिक, विश्वभर में हथियारों की खरीददारी में वर्ष 2018 में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. विश्वभर में हथियार बाज़ार में अमेरिकी निर्माताओं की हिस्सेदारी 59% है.

Q7. भारत और चीन के बीच ____ नाम के युद्ध अभ्यास की शुरुआत हुई है?

क. हैंड-इन-हैंड

ख. लेग-इन-लेग

ग. कैच-इन-कैच

घ. मूव-इन-मूव

SarkariExam.Com

भारत और चीन के बीच "हैंड-इन-हैंड" नाम के युद्ध अभ्यास की शुरुआत हुई है. इस युद्ध अभ्यास का आयोजन शिलोंग के निकट उमरोई में किया गया है. जिसमे दोनों देशो के 130-130 जवानो ने हिस्सा लिया है.

Q8. इंटरनेशनल स्टार सिंगर जस्टिन बीबर और किसने पिछड़े तबके के लिए चैरिटी का आयोजन किया है?

क. प्रियंका चोपड़ा

ख. हैली बाल्डविन

ग. जेडन स्मिथ

घ. काईली जैनर

इंटरनेशनल स्टार सिंगर जस्टिन बीबर और हैली बाल्डविन ने हाल ही में पिछड़े तबके के लिए चैरिटी का आयोजन किया है साथ ही आयोजित कार्यक्रम में काईली जैनर, जेडन स्मिथ सहित इंग्लिश इंडस्ट्री के कई बाड़े नामों ने हिस्सा लिया था.

Q9. ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुताबिक कौन सा देश भ्रष्टाचार के मामले में पहले स्थान पर है?

क. सूडान

ख. सीरिया

ग. सोमालिया

घ. तीनो

SarkariExam.Com

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुताबिक सूडान, सीरिया और सोमालिया जैसे देश भ्रष्टाचार के मामले में पहले स्थान पर रहे है.

Q10. भारत के फुटबॉल स्टार खिलाडी सुनील छेत्री को कितने साल के लिए पूमा का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है?

क. 3 साल

ख. 4 साल

ग. 5 साल

घ. 7 साल

भारत के फुटबॉल स्टार खिलाडी सुनील छेत्री को 3 साल के लिए पूमा का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है. वे अभी बेंगलुरु एफसी और भारतीय राष्ट्रीय टीम दोनों में कप्तान है. उन्होंने वर्ष 2002 में अपने फुटबॉल कैरिएर की शुरुआत की थी.

Q11. अलिपे और सॉफ्टबैंक के एसवीएफ पार्टनर और टी रो प्राइस निवेशकों से किसने 4,724.42 करोड़ रुपये की फंडिंग जुटाई है?

क. गूगल पे

ख. मोबिक्विक

ग. पेटीएम

घ. इनमे से कोई नहीं

SarkariExam.com

पेटीएम कंपनी ने हाल ही में अलिबाबा की अलिपे और सॉफ्टबैंक के एसवीएफ पार्टनर और टी रो प्राइस निवेशकों से 4,724.42 करोड़ रुपये की फंडिंग जुटाई है. हाल ही में पेटीएम का संचालन करने वाली वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बोर्ड द्वारा निवेशकों को करीब 2.6 मिलियन शेयर आवंटित किये जाएंगे.

Q12. शिरोमणि अकाली दल के स्थापना दिवस पर सुखबीर सिंह बादल को कौन सी बार शिअद का अध्यक्ष चुन लिया गया है?

क. पहली

ख. दूसरी

ग. तीसरी

घ. चौथी

शिरोमणि अकाली दल के स्थापना दिवस पर सुखबीर सिंह बादल को तीसरी बार शिअद का अध्यक्ष चुन लिया गया है. उन्हें सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया है. इससे पहले दो बार वे सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए थे.

Q13. ब्रिटेन के आम चुनाव में 127 साल में सबसे ज्यादा कितने भारतीय मूल के लोग सांसद बने है?

क. सात

ख. दस

ग. बारह

घ. पद्राह

SarkariExam.Com

ब्रिटेन के आम चुनाव में 127 साल में सबसे ज्यादा 15 भारतीय मूल के लोग सांसद बने है. पहली बार वर्ष 1892 में दादाभाई नौरोजी भारतीय मूल के ब्रिटिश सांसद बने जबकि पिछले चुनाव में 12 भारतवंशी चुने गए थे.

Q14. लंदन में मैग्जीन ईस्टर्न आई द्वारा किस एक्ट्रेस को दशक की सबसे सेक्सी एशियन का दर्जा दिया गया है?

क. आलिया भट्ट

ख. कटरीना कैफ

ग. हिना खान

घ. दीपिका पादुकोण

लंदन में मैग्जीन ईस्टर्न आई द्वारा किये गए ऑनलाइन वोटिंग में दीपिका पादुकोण को दशक की सबसे सेक्सी एशियन का दर्जा दिया गया है जबकि आलिया भट्ट को वर्ष 2019 की सेक्सिएस्ट एशियन महिला का खिताब दिया गया है.

Q15. इंग्लैंड के आम चुनावों में बोरिस जॉनसन की कंजरवेटिव पार्टी ने 650 सीटों में से कितने सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया है?

क. 320 सीटें

ख. 364 सीटें

ग. 412 सीटें

घ. 456 सीटें

SarkariExam.com

इंग्लैंड के आम चुनावों में बोरिस जॉनसन की कंजरवेटिव पार्टी ने 650 सीटों में से 412 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया है. जबकि जेरेमी कॉर्बिन की लेबर पार्टी ने 203 सीटें जीती हैं. बाकी अन्य दलों में, स्कॉटिश नेशनल पार्टी ने 48 सीटें जीतीं है.

Q16. फोर्ब्स के द्वारा जारी विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची किसे पहला स्थान मिला है?

क. निर्मला सीतारमण

ख. एंजेला मर्केल

ग. क्रिश्टिन लागार्ड

घ. इंदिरा नूई

मैगज़ीन कंपनी फोर्ब्स के द्वारा जारी विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल को पहला स्थान मिला है जबकि यूरोपीय केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिश्टिन लागार्ड दुसरे स्थान पर रही है. साथ ही तीसरे स्थान पर यूएस हाऊस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्ज़ की स्पीकर नैन्सी पेलोसी हैं.

Q17. ट्विटर इंडिया ने किसके द्वारा किये गए ट्वीट "सबका साथ + सबका विकास + सबका विश्वास = विजयी भारत" को वर्ष 2019 का गोल्डन ट्वीट चुना गया है?

क. अमित शाह

ख. नरेंद्र मोदी

ग. रामनाथ कोविंद

SarkariExam.Com

घ. पीयूष गोयल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आम चुनाव 2019 में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के बाद किये गए ट्वीट को “सबका साथ + सबका विकास + सबका विश्वास = विजयी भारत” ट्विटर इंडिया ने वर्ष 2019 का गोल्डन ट्वीट चुना गया है. ये ट्वीट सबसे ज़्यादा रीट्वीट हुआ है.

Q18. 15 दिसम्बर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस

ख. अंतर्राष्ट्रीय कॉफ़ी दिवस

ग. अंतर्राष्ट्रीय दूध दिवस

घ. अंतर्राष्ट्रीय फ़ास्ट फ़ूड दिवस

15 दिसम्बर को विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य लक्ष्य चाय बागान से लेकर चाय की कंपनियों तक में काम करने वाले श्रमिकों की स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करना है.

Q19. ऑस्ट्रेलिया का कौन सा बल्लेबाज 7000 या उससे अधिक रन बनाने वाला 12वा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गया है?

क. स्टीव स्मिथ

ख. डेविड वॉर्नर

ग. जोनी बर्रेस्ट

घ. जेम्स अलेक्स

SarkariExam.Com

ऑस्ट्रेलिया के ओपनिंग बल्लेबाज डेविड वॉर्नर हाल ही में 7000 या उससे अधिक रन बनाने वाले 12वें ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए है उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पर्थ टेस्ट के तीसरे दिन अपने 82वें टेस्ट मैच में यह रिकॉर्ड अपने नाम किया है.

Q20. बॉलीवुड के किस वेटरन एक्टर को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा सम्मानित किया गया है?

क. अमिताभ बच्चन

ख. अक्षय कुमार

ग. दिलीप कुमार

घ. धर्मेन्द्र

बॉलीवुड के वेटरन एक्टर दिलीप कुमार को सिनेमा में उनके योगदान के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा सम्मानित किया गया है. उन्हें यह अवॉर्ड वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा उनके जन्मदिन पर प्रदान किया गया है.

SarkariExam.Com